प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बठक : सर्दी, खांसी और सांस से जुड़े मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी पर अलर्ट रहने के दिए निर्देश।**
2. **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के 57वें राज्यस्तरीय सम्मेलन को किया संबोधित : कहा– आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारते हैं शिक्षक।**
3. **अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की तारीख घोषित : पांच फरवरी को मतदान और 8 फरवरी को हागी मतगणना।**

**और**

4. **प्रदेश के 50 से अधिक जनपदों के लिये शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी : कई जनपदों में 14 जनवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद।**

———————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बठक की। मुख्यमंत्री ने सर्दी, खांसी, श्वांस से जुड़े मरीजों की संख्या**

में संभावित बढ़ोतरी के मद्देनजर स्वास्थ्य तंत्र को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट......

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए है कि सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए। जांच हो या दवाओं की उपलब्धता, सब कुछ चाक–चौबंद हो। आम आदमी को परेशान न होना पड़े। महाकुम्भ में तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सेक्टरों में इलाज के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार जैसी मौसमी समस्या हो अथवा कोई अन्य गंभीर बीमारी, सभी को समुचित चिकित्सकीय सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने बीमार लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को सभी सेक्टरों में सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————————

ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी की भारत में दस्तक के बाद प्रदेश सरकार ने भी इससे बचाव के प्रति ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज बताया कि घबराने की कोई स्थिति नहीं है और वायरस से बचाव के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बाइट......

*देश को लेकर के हम लोगपूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आगे उच्चस्तरीय बैठक भी है और कहीं कोई पैनी जैसी स्थिति नहीं है। हर स्थिति में निपटने के लिये सरकार पूरी तरह से तैयार है।*

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक वर्चुअल

बैठक के दौरान कहा है कि एचएमपीवी को लेकर जनता को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के तीन दिवसीय 57 वें राज्य स्तरीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर रक्षामंत्रो ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारने का काम शिक्षक ही करता है। श्री सिंह ने कहा कि सूचना देने और शिक्षित करने में बहुत अंतर है। शिक्षकों को इस अंतर को समझना होगा। बाइट......

*सूचना देने और शिक्षित करने में जो बीच का अंतर है वही से एक शिक्षक की भूमिका प्रारंभ होती है और इस भूमिका को हम सभी शिक्षकों को अच्छी तरह समझना चाहिए। कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक से युवा विभिन्न विकल्पों के बारे में। जानकारी हासिल कर सकता है और सही विकल्प का चयन करने के लिए हमेशा विवेक की आवश्यकता होती है। हमेशा मार्ग दर्शन की आवश्यकता होती है वो विवेक पैदा करने का काम और मार्गदर्शन करने का काम यदि कोई कर सकता है तो शिक्षक ही कर सकता है और कोई दूसरा नहीं कर सकता है।*

कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी यूपी बोर्ड सर्वश्रेष्ठ बोर्ड था। बाइट......

*यू पी. बोर्ड वाज वन आफ द बेस्ट बोर्ड उस समय कहते थे सीबीएसई और आईसीएससी वाले की हम आईसीएससी वाले हैं क्योंकि हमारा पचहत्तर परसेट वाला यू पी. का टॉपर होता था और यहाँ सबसे कम नम्बर वाला पचहत्तर पर्सेंट का होता है।*

——————————

जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना में ग्रामीणों से लिए जाने वाले सामुदायिक अंशदान के रुप में पूंजी लागत के 10 फीसदी भाग का वहन अब प्रदेश सरकार करेगी। इसके लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार की तरफ से 2024–25 में इसके लिए दो हजार करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग 2 करोड़ 32 लाख से ज्यादा परिवारों को मिलेगा। गौरतलब है कि यूपी में जल जीवन मिशन के तहत 40 हजार 951 योजनाएं स्वीकृत हैं। लागत के सापेक्ष यूपी का सामुदायिक अंशदान लगभग नौ हजार 92 करोड़ रुपये होता है।

——————————

प्राइमरी शिक्षकों के अतंर्जनपदीय पारस्परिक तबादले के लिये न्यूनतम सेवा अवधि की बाध्यता को राज्य सरकार ने खत्म कर दिया है। अभी तक पुरूषों को पांच वर्ष की सेवा और महिला शिक्षकों की दो वर्ष की सेवा पूरी होनी अनिवार्य थी। इस संबंध में कल शासनादेश जारी कर दिया गया। इससे प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के चार लाख तीस हजार से अधिक शिक्षकों के तबादले का रास्ता साफ हो गया है।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने आज तारीखों का ऐलान कर दिया । मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इसकी घोषणा की। पिछले साल जून से ही खाली पड़ी इस सीट पर दिल्ली विधानसभा के साथ मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजा 8 फरवरी को आएगा। उपचुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही जिले में आचार संहिता भी लागू हो गई है। 10 जनवरी को उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी। पेश है एक रिपोर्ट..........

*अयोध्या से मौजूदा सपा सांसद अवधेश प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट से विधायक थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद श्री प्रसाद ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। तभी से यह सीट रिक्त है। हाल ही में प्रदेश की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के साथ मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना था लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण चुनाव नहीं हो पाया था। सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने यहां जीत दर्ज करने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगा रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद इसकी कमान संभाल रखी*

*है। इसको लेकर मुख्यमंत्री कई बार दौरा कर चुके हैं। वहीं सपा ने अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को यहां से उम्मीदवार घोषित कर रखा है। तन्मयसोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

——————

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आज विधानसभा सचिवालय में महाकुंभ 2025 में विभाग की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभाग का शिविर लगाया जाए, जो दिव्यांगजनों और पिछड़े वर्ग के सशक्तिकरण का एक प्रमुख मंच बने।

——————

प्रयागराज में स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश देने के लिये आज स्वच्छ रथयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। रथयात्रा में नुक्कड़ नाटक करने वाले कलाकारों ने लोगों से सूखे और गीले कूड़े के लिये अलग रंग के डस्टबिन का इस्तेमाल करने का संदेश दिया।

——————

आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल कांटिनेंटल फेज– एशिया के जूनियर वर्ग में भारत ने बांग्लादेश को हराकर कांस्य पदक जीत लिया है। आज लखनऊ में के डी सिंह बाबू स्टेडियम में अटल बिहारी

वाजपेई मल्टीपरपज हॉल में खेले गए मुकाबले में भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए 40 गोल किए, जबकि बांग्लादेश की टीम सिर्फ 24 गाल ही कर सकी। वहीं यूथ वर्ग के फाइनल में भारत उज्बेकिस्तान से हार गया।

---

प्रदेश में भीषण ठंड और शीतलहर के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने आज से लेकर अगले तीन दिनों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक जनपदों के लिए शीत दिवस का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है। साथ ही प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का भी ऑरेंज अलर्ट है। कोहरे के चलते प्रदेश में रेल और हवाई सेवाएं प्रभावित है। वहीं कई जिलों में भीषण ठंड के चलते कक्षा 8 तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। कुशीनगर में आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के लिए 14 जनवरो तक अवकाश घोषित कर दिया है। बदायूं जिले में कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय विद्यालय 14 जनवरी तक बंद रहेंगे, जबकि अमरोहा में कक्षा आठ तक के बच्चों का अनिश्चितकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जायेंगी।

(समाप्त)